कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः–शिविरा–मा./संस्था/एफ–I/12102/सी.भ./व.अ.–अर्थना/2018–19/ दिनांक 09.09.2020

संयुक्त निदेशक,
स्कूल शिक्षा, समस्त संभाग।

विषयः– वरिष्ठ अध्यापक (विभिन्न विषय) भर्ती वर्ष 2018 के सम्बन्ध में ।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत वरिष्ठ अध्यापक (विभिन्न विषय) भर्ती वर्ष 2018 के सम्बन्ध में निम्नानुसार कार्यवाही सम्पादित किए जाने हेतु निर्देशित किया जाता है–

1. शासन उप सचिव (प्रथम) शिक्षा (ग्रुप–2) विभाग, शासन सचिवालय जयपुर के पत्रांक प. 08 (21) शिक्षा–2/2007 जयपुर दिनांक 01.08.2007 के द्वारा परिवीक्षाधीन कार्मिक का उच्च पद पर चयन होने पर कार्यमुक्त किए जाने पर हेतु आवेदन प्रस्तुत करने पर कार्यमुक्त किया जाना चाहिए, उन्हें त्याग पत्र दिए जाने हेतु बाध्य नहीं करें एवं समान पद पर चयन होने पर संबंधित अभ्यर्थी से त्याग पत्र उपरान्त ही कार्यग्रहण करवाया जावें।
2. वरिष्ठ अध्यापक (विभिन्न विषय) भर्ती वर्ष 2018 में चयनित एवं अभिस्तावित अभ्यर्थियों का मण्डल आवंटन, काउसंलिग एवं पदस्थापन आदेश वर्तमान में पंचायतीराज संस्थाओ के आम चुनाव 2020 की आदर्श आचार संहिता से पूर्व जारी किए चुके है। अतः उक्त प्रक्रियाधीन भर्ती में जिन अभ्यर्थियों के पदस्थापन आदेश जारी हो चुके है, उन्हें कार्यग्रहण कराने की कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करावें। कतिपय अभ्यर्थी जो पूर्व से राजकीय सेवा में सेवारत है, उन अभ्यर्थियों को भी बिन्दु संख्या–01 के अनुसार कार्यमुक्त/कार्यग्रहण कराने की कार्यवाही सुनिश्चित करावें।
3. समस्त संस्था प्रधान उक्त भर्ती में चयनित अभ्यर्थियों को पदस्थापित विद्यालय में शालादर्पण के माध्यम से ही कार्यग्रहण करवाया जाना सुनिश्चित करावें।

www.rajsevak.com

(सौरभ स्वामी)
आई.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा,
राजस्थान बीकानेर

E:\Sr.Teacher 2018\Gen.Letter.docx